न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 8.2.2021

प्रकरण संख्या :– 3/2021

श्रृंगारी पत्नि कन्हैयालाल जाति धाकड़ उम्र व्यस्क निवासी माजी साहब का खेड़ा, तहसील बिजौलिया, जिला भीलवाड़ा (राज.)

......................प्रार्थीया

बनाम

1. भवाना पिता दोला जाति धाकड़ निवासी पुरोहितो का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. घीसी लाल पिता दोला जाति धाकड़ निवासी पुरोहितो का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. सन्तरा देवी पत्नि शंकर लाल जाति धाकड निवासी उमाजी का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज0)
4. मदनलाल पिता चुन्नीलाल जाति माली निवासी केसरगंज तहसील बिजोलिया जिला भीलवाड़ा (राज0)
5. गोपाल पिता चुन्नी लाल जाति अहीर निवासी पुरोहितो का खेड़ा तहसील बिजोलिया जिला भीलवाड़ा (राज0)
6. राधेश्याम पिता देबीलाल जाति धाकड़ निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज0)

................विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 8.2.2021

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री घनश्याम लाल धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम पुरोहितो का खेड़ा पटवार हल्का उमाजी का खेड़ा तहसील बिजौलियां की सरहद मे खाता संख्या 260 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 569/1 रकबा 0.4047 हैक्टेयर एंव इसी ग्राम की खाता संख्या 262 पर आराजी खसरा संख्या 573 रकबा 0.3318 हैक्टेयर भुमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2074 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेड़ा को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम पुरोहितो का खेड़ा पटवार हल्का उमाजी का खेड़ा तहसील बिजौलियां की सरहद मे खाता संख्या 260 पर अंकित आराजी खसरा संख्या 569/1 रकबा 0.4047 हैक्टेयर एंव इसी ग्राम की खाता संख्या 262 पर आराजी खसरा संख्या 573 रकबा 0.3318 हैक्टेयर भुमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी

बिजौलियाँ

उपखण्ड अधिकारी

बिजौलियाँ जि. भीलवाड़ा